# श्रीलंका ने तमिलनाडु के 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया है । उन्होंने सभी मछुआरों और उनकी नौकाओं की तत्काल रिहाई के लिए कदम उठाने की मांग की।

## स्टालिन ने केंद्र को दी सूचना

मुख्यमंत्री ने जयशंकर को लिखे एक पत्र में कहा कि श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को पकड़े जाने की घटनाओं में बहुत वृद्धि हुई है। उन्होंने सात सितंबर को पुदुक्कोट्टई जिले से 14 मछुआरों की गिरफ्तारी और उनकी तीन मशीनीकृत नौकाओं को जब्त करने की ओर भी केंद्र का ध्यान आकर्षित किया। स्टालिन ने कहा कि इस साल (सात सितंबर, 2024 तक) श्रीलंकाई नौसेना ने 350 मछुआरों और मछली पकड़ने वाली 49 नौकाओं को पकड़ा है, जो पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक है।

जयशंकर को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने उनसे श्रीलंका की हिरासत में बंद सभी मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और ठोस राजनयिक प्रयास करने का आग्रह किया। इस बात पर जोर देते हुए कि श्रीलंका की अदालतें मछुआरों पर भारी जुर्माना लगा रही हैं, उन्होंने मछुआरों पर लगाए गए जुर्माने की छूट के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भारतीय मछुआरों पर लगाया गया जुर्माना उनके (श्रीलंका) अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

अपने पिछले पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा था कि जुर्माने जैसे पहलुओं से मछुआरों के परिवारों को लंबे समय तक कैद और संकट का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि समग्र मुद्दे के समाधान के लिए, बिना किसी और विलंब के संयुक्त कार्य दल को पुनर्जीवित करने के उपाय शुरू किए जाने चाहिए।

# स्टालिन ने तमिलनाडु को कोष देने से 'इनकार' करने पर केंद्र की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने से इनकार करने पर केंद्रीय स्कूल शिक्षा योजना के तहत राज्य को धनराशि देने से मना कर दिया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि एनईपी के आगे झुकने से इनकार करने वाले, लेकिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को केंद्र सरकार ने कोष देने से इनकार किया है, जबकि लक्ष्यों को पूरा नहीं करने वालों को उदारतापूर्वक पुरस्कृत किया जा रहा है।

उन्होंने पूछा, क्या इस तरह से केंद्र की भाजपा सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने की योजना बना रही है? मैं इसे हमारे देश और हमारे लोगों के विवेक पर छोड़ता हूं। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में एक राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक में छपी एक रिपोर्ट को भी साझा किया, जिनमें तमिलनाडु और केरल सहित विपक्षी शासित कम से कम पांच राज्यों को समग्र शिक्षा योजना के तहत केंद्र द्वारा धनराशि रोके जाने के आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने खबर का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया। केंद्र द्वारा एनईपी पेश करने के बाद से ही द्रमुक सरकार इसका विरोध करती रही है।

## उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के उपनगर अवरामपाल्यम् में सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने आत्म रक्षा न्यास के परिसर में जनता औषिधि केन्द्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर एच. राजा ने, प्रदेश महासचिव एपी मुरुगानंदम, जिला अध्यक्ष जे, रमेश कुमार सेल्फ डिफेंस फाउंडेशन के अध्यक्ष आरटी मुरली, सचिव महेश, कोषाध्यक्ष दामोदरास्वामी और ट्रस्टी डॉ. सदाकोपन, नटराज, चिदम्बरम, रमेश, सरवनप्रकाश एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पुलिस अधिकारी की वरिष्ठ आरएसएस नेता से मुलाकात पर एलडीएफ ने जवाब मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी एम. आर. अजित कुमार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ नेता के बीच पिछले साल हुई विवादित बैठक को लेकर केरल की राजनीति में हलचल जारी है और राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक टी. पी. रामकृष्णन ने इस बैठक के कारण तथा मंशा के संबंध में विस्तृत जांच की मांग की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता रामकृष्णन ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) ने खुद स्वीकार किया कि उन्होंने दत्तात्रेय होसबाले से मुलाकात की थी। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, ''तो, वे क्यों गए थे? इसकी (बैठक की) मंशा क्या थी? इन चीजों की विस्तार से जांच होनी चाहिए।'' माकपा नेता ने कहा कि आरोप के संबंध में सरकार के स्तर पर जांच पहले से ही जारी है और मुद्दे के सभी पहलुओं को जांच के दायरे में लाए जाने की संभावना है।

रामकृष्णन ने कहा, ''अगर अधिकारी दोषी पाए जाते हैं तो सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करेगी। इस संबंध में सरकार और एलडीएफ का रुख बिल्कुल स्पष्ट है।'' एलडीएफ विधायक पी. वी. अनवर द्वारा कई संवाददाता सम्मेलन में एडीजीपी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह माकपा सदस्य नहीं हैं और इसलिए उनके स्वतंत्र रुख एवं कार्यों को नियंत्रित करने में पार्टी की कुछ सीमाएं हैं। उन्होंने कहा, अनवर एक विधायक हैं जो एलडीएफ के सहयोगी हैं। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में, हम उन्हें उनके स्वतंत्र रुख के खिलाफ कुछ नहीं कह सकते या उन्हें किसी खास तरीके से काम करने के लिए नहीं कह सकते। हालांकि, रामकृष्णन ने कहा कि अनवर को ही खुद इस बारे में सोचना चाहिए कि उन्होंने जो किया वह सही था या नहीं। इस बीच माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य ए. विजयराघवन ने कहा कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन किसी भी कदाचार का समर्थन करने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने मीडिया पर मामले को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करने का भी आरोप लगाया।

नयी दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ वामपंथी नेता और राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने इस विवाद को कम तवज्जो देते हुए कहा कि कोई भी यह नहीं कह सकता कि कोई अधिकारी किसी से नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा, किसी अधिकारी का लोगों से मिलना एक सामान्य बात है। किसी से बात करने को लेकर हम कोई कड़ा कदम नहीं उठा सकते। सरकार पहले से ही मामले की जांच कर रही है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर ने शीर्ष अधिकारी का पक्ष लिया और कहा कि आरएसएस नेता से व्यक्तिगत रूप से मिलना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आरएसएस देश का एक महत्वपूर्ण संगठन है। किसी पदाधिकारी का उसके किसी नेता से व्यक्तिगत रूप से मिलने में कुछ भी गलत नहीं है। इस बीच, मीडिया के एक वर्ग ने खबरों में बताया कि आरएसएस महासचिव होसबाले के अलावा, एडीजीपी कुमार ने हाल ही में राज्य की राजधानी में आरएसएस नेता राम माधव से मुलाकात की थी। इस खबर के संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री विजयन की चुप्पी को लेकर निशाना साधा वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री ने आरएसएस नेता से मिलने के लिए शीर्ष आईपीएस अधिकारी को दूत के रूप में भेजा था।

नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने विजयन की चुप्पी को कायरता'' करार दिया और उन पर केवल अपनी सुविधा के अनुसार मीडिया से बातचीत करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाद होने पर मीडिया से बचना, 'कायरता' ही है और सवाल किया कि मुख्यमंत्री में बोलने की हिम्मत क्यों नहीं है? सत्तारूढ़ मोर्चे के एक विधायक द्वारा मुख्यमंत्री और उनके कार्यालय के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए जाने को लेकर कई दिन बीत चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विजयन तो यह कहने के लिए भी आगे नहीं आ रहे हैं कि आरोप झूठे हैं। सतीशन ने कहा, एडीजीपी द्वारा होसबाले के साथ अपनी बैठक स्वीकार करने के तुरंत बाद, राम माधव के साथ उनकी बैठक के बारे में भी खबरें सामने आई हैं। इस बात को भी सामने लाएं कि बैठक के दौरान उस दिन अधिकारी के साथ और कौन था। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अगर उनके साथ आए लोगों का विवरण सामने आता है तो यह केरल के लिए एक और चौंकाने वाली खबर होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता वी मुरलीधरन ने कहा कि आरएसएस आरोपों का जवाब देगा। उन्होंने मांग की कि लेकिन इससे पहले मुख्यमंत्री विजयन और एजीजीपी अजित कुमार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उन्होंने एडीजीपी को आरएसएस नेता के पास अपना दूत बनाकर भेजा था। इस बीच, सत्तारूढ़ एलडीएफ विधायक अनवर ने सोमवार को मांग की कि कुमार को एडीजीपी के पद से हटाया जाए। नीलांबुर विधायक ने संदेह जताया कि उन्हें झूठे मामलों में फंसाने के लिए ही कुमार को प्रमुख पद पर बनाए रखा गया। उन्होंने मलप्पुरम में संवाददाताओं से कहा, भले ही मुझे हटा दिया जाए, लेकिन मैंने जो सबूत एकत्र किए हैं, उन्हें नष्ट नहीं किया जा सकता। मैं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के इंतजाम कर रहा हूं।

# चेन्नई के पास धान के खेत में आपात स्थिति में उतरा वायुसेना का हेलीकॉप्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय वायुसेना के एक प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर को तकनीकी खराबी के कारण यहां पोरपंडल के निकट धान के खेत में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। पुलिस ने सोमवार को बताया कि हेलीकॉप्टर को दो लोग उड़ा रहे थे और जब यह सालवक्कम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोरपंडल के पास पहुंचा तो अचानक इसमें तकनीकी खामी आ गई जिससे पायलट को इसे आपात स्थिति में धान के खेत में उतारना पड़ा।

अधिकारियों ने कहा कि इसके तुरंत बाद, इस हेलीकॉप्टर को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक अन्य हेलीकॉप्टर भेजा गया। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद दोनों हेलीकॉप्टर अपने अड्डे पर वापस आ गए।




## विशेष अदालत ने मानहानि मामले में तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष को 13 सितंबर को पेश होने को कहा

**चेन्नई।** चेन्नई में एक विशेष अदालत ने तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु को मानहानि के एक मामले में 13 सितंबर को उसके समक्ष पेश होने को कहा। यह अदालत विधायकों एवं सांसदों के खिलाफ मामलों की सुनवाई करती है। विशेष न्यायाधीश जी. जयावेल ने अन्नाद्रमुक की अधिवक्ता शाखा के संयुक्त सचिव आर. एम. बाबू मुरुगावेल द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर आगे की सुनवाई शुक्रवार के लिए निर्धारित की।

मुरुगावेल के मुताबिक, एक पुस्तक विमोचन समारोह में अप्पावु ने कहा था कि अन्नाद्रमुक की नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री जे.जयललिता के 2016 में निधन के बाद, पार्टी के 40 से अधिक विधायक द्रमुक में शामिल होने के लिए तैयार थे और द्रमुक नेता एम. के. स्टालिन ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। मुरुगावेल ने कहा कि इससे अन्नाद्रमुक के विधायकों की छवि को नुकसान पहुंचा। इसलिए उन्होंने मौजूदा मानहानि शिकायत दायर की।

# एनईपी को लेकर राज्यों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं स्टालिन : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू न करने के मुद्दे को लेकर राज्यों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

धर्मेंद्र प्रधान ने यह टिप्पणी स्टालिन के उस बयान के जवाब में की जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों के एनईपी लागू करने से इनकार करने के कारण केंद्र द्वारा समग्र शिक्षा योजना के तहत धनराशि देने से मना किया जा रहा है।

प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, लोकतंत्र में राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हमेशा स्वागत योग्य है। हालांकि,



अपनी बात मनवाने के लिए राज्यों को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा करना संविधान की भावना और एकीकृत भारत के मूल्य के खिलाफ है। एनईपी 2020 को व्यापक परामर्श के माध्यम से तैयार किया गया है और इसमें भारत के लोगों की सामूहिक ज्ञान शामिल है।

शिक्षा मंत्री ने स्टालिन से एनईपी के प्रति राज्य के सैद्धांतिक विरोध पर सवाल उठाया। उन्होंने सवाल किया, क्या आप तमिल समेत मातृभाषा में शिक्षा का विरोध कर रहे हैं? क्या आप तमिल समेत भारतीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने का विरोध कर रहे हैं? प्रधान ने पूछा, क्या आप तमिल सहित भारतीय भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों और सामग्री के निर्माण का विरोध कर रहे हैं? क्या आप एनईपी के समग्र, बहु-विषयक, न्यायसंगत, भविष्योन्मुखी और समावेशी ढांचे के विरोध में हैं?

स्टालिन ने आज सुबह 'एक्स' पर एक खबर साझा की थी जिसमें कहा गया था कि एनईपी को लागू करने से इनकार करने वाले राज्यों के लिए केंद्र द्वारा समग्र शिक्षा निधि में कटौती की जा रही है। स्टालिन ने लिखा, एनईपी के आगे झुकने से इनकार करने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को धनराशि देने से इनकार करना, जबकि उद्देश्यों को पूरा नहीं करने वालों को उदारतापूर्वक पुरस्कृत करना - क्या इस तरह से केंद्रीय भाजपा सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने की योजना बना रही है? मैं इसका निर्णय हमारे राष्ट्र और अपने लोगों के विवेक पर छोड़ता हूं!

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मिला, सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चेन्नई रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गया। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। बाद में इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाकिस्तानी दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया, पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंच गए हैं। खिलाड़ी 11 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली सैफ जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेंगे। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 सितंबर तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

## ट्रैक्टर पलटने से तीन लड़कों की मौत

**तेनी।** तेनी जिले में सोमवार को एक ट्रैक्टर के पलटकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से उस पर सवार तीन लड़कों की मौत हो गई, पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार तीनों लड़कों की उम्र 14-14 वर्ष थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान विशाल, निवास और किशोर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब वह तीनों एक विनायक प्रतिमा के विसर्जन के बाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि यह हादसा जिले के देवराम में हुआ। पुलिस ने बताया कि तीनों लड़कों की मौके पर ही मौत हो गई।



# विश्व बैंक ने केरल के शिक्षा सुधारों को सराहा, सहयोग की पेशकश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** विश्व बैंक के विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए केरल के प्रयासों की तारीफ की है।

विश्व बैंक के विशेषज्ञों के एक दल ने सोमवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मुलाकात की और राज्य में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए एक पहल में सहयोग की पेशकश की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार नीना अर्नहोल्ड, डेनिस निकोलेव और अंबरीश अंबुज सहित विश्व बैंक के विशेषज्ञों ने संभावित साझेदारी पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की।

इस परियोजना का मकसद विदेशी छात्रों को केरल में आकर्षित करना और समग्र उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है।

विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने संबंधित परियोजना के तहत केरल में विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिए राज्य उच्च शिक्षा परिषद के साथ सहयोग करने में दिलचस्पी व्यक्त की।

# 'पोन्नियिन सेलवन' अभिनेता जयम रवि ने पत्नी आरती से अलग होने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' के अभिनेता जयम रवि ने सोमवार को घोषणा की है कि वह व्यक्तिगत कारणों' से अपनी पत्नी आरती के साथ 15 वर्ष पुराने अपने वैवाहिक संबंध को तोड़ने जा रहे हैं।

तमिल सिनेमा के जाने-माने चेहरे रवि, मणिरत्नम की दो भागों वाली ऐतिहासिक कहानी 'पोन्नियिन सेलवन'' से पूरे भारत में प्रसिद्ध हुए।

उन्होंने राजकुमार अरुलमोझी वर्मन की मुख्य भूमिका निभाई, जो बाद में चोल सम्राट राजराजा प्रथम बने। प्रसिद्ध टेलीविजन निर्माता सुजाता विजयकुमार की पुत्री



आरती और रवि की शादी 2009 में हुई थी तथा उनके दो बेटे हैं।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में 43 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि यह निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया गया। अभिनेता ने एक पोस्ट में कहा, दुखी मन से मैं आप सभी के साथ एक निजी नई जानकारी साझा कर रहा हूं। काफी सोच-विचार, विचार-विमर्श और चर्चा के बाद मैंने आरती के साथ अपने विवाह को समाप्त करने का कठिन निर्णय लिया है।

यह निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया गया है और यह व्यक्तिगत कारणों से लिया गया है, जो मुझे लगता है कि सभी के हित में है। रवि ने कहा कि उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ यह खबर साझा करने का फैसला किया क्योंकि वह हमेशा प्रशंसकों और मीडिया के साथ जितना संभव हो सके उतना ''पारदर्शी और ईमानदार'' रहने का प्रयास करते रहे हैं।

अभिनेता ने गोपनीयता का अनुरोध किया और उनसे अफवाहों और आरोपों में भाग न लेने का आग्रह किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
चेन्नई | मंगलवार | 10-09-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जब शरीर में कांटा चुभ जाए तो शरीर में वेदना का लावा फूटता है। फिर उस कांटे को निकाल दो तो राहत मिल सकती है, लेकिन कुछ देर तक वेदना तो रहती ही है। कांटा निकालना आसान है लेकिन बोलते समय हमारे शब्द कटु बन गए तो वह लंबे अरसे तक दर्द का कारण बन जाते है। इसलिए ज्ञानी कहते हैं बोलते समय सावधान रहना जरूरी है। हमारे शब्दों के भाव लंबे अरसे तक रहते हैं। अगर ग़लती से बचना है, उसका निराकरण, प्रमार्जन करना है तो सत्य बोलो। गलती करके झूठ बोलना और बड़ी ग़लती हो जाती है। सत्य बोलने से यह विश्वास जम जाता है कि वह व्यक्ति झूठ नहीं बोल सकता।



# पर्युषण पर्व में सबसे महत्वपूर्ण है क्षमा देना और क्षमा लेना : युवाचार्य महेंद्र ऋषि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज एवं उपप्रवर्तिनी कंचनकंवरजी के सान्निध्य में सोमवार को पर्युषण पर्व पर तप करने वाले तपस्यार्थियों का सम्मान और संघ का क्षमा याचना का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की ने उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में 100 से ज्यादा अठाई व नौ उपवास की तपस्चर्या की पचकावनी हुई। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने तपस्यार्थियों की अनुमोदना करते हुए परस्पर एक दूसरे से अपनी भूलों के लिए क्षमा याचना की। पर्युषण पर्व के इस अवसर पर संघ में तपस्चर्या का इतिहास बना। युवाचार्यश्री ने इस मौके पर कहा कि पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण है क्षमा देना और क्षमा लेना। उन्होंने कहा भगवान महावीर ने डंस करने वाले चंडकौशिक सर्प को भी क्षमा प्रदान की। उन्होंने रात भर उपसर्ग देने वाले संगम देव और शूलपाणी यक्ष को भी क्षमा प्रदान की। उन्होंने पांवों में चूल्हा बनाकर खीर बनाने वाले और कानों में कीलें ठोंकने वाले अज्ञानी लोगों को भी क्षमा प्रदान की। हम सभी उस महावीर प्रभु के शासन में हैं। हम निश्चित रूप से किसी को भी किसी भी तरह की ग़लती, भूल के लिए उन्हें क्षमा करने का मानस बनाएं।

उन्होंने कहा क्षमा प्रदान करना यानी भूल को हृदय से निकाल देना, मन से कटुता दूर कर देना। उन्होंने कहा पर्युषण महापर्व में मात्र जल के आधार से आठों दिन रहकर तपस्चर्या का विशेष महत्व है। अनेक बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, बालक बालिकाओं ने 8,9,11 दिनों की तपस्चर्या करके अपनी आत्मा को उज्ज्वल बनाने का पुरुषार्थ किया। जैन दर्शन के अनुसार जैसे मक्खन को तपाने के लिए बर्तन को तपना पड़ता है, उसी प्रकार आत्मा को शुद्ध करने के लिए शरीर को तपाया जाता है।

इस अवसर पर युवाचार्यश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से खमत खामणा किया। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के मंत्री धर्मीचंद सिंघवी ने बताया कि एएमकेएम में श्री जैन महासंघ के तत्वावधान एवं युवाचार्यश्री के सान्निध्य में महानगर के संपूर्ण जैन समाज का मंगलवार प्रातः सामूहिक क्षमापना पर्व आयोजित होगा जिसमें महानगर में विराजित सभी संप्रदायों के आचार्य एवं साधु साध्वी भगवंत अपनी निश्रा प्रदान करेंगे। संघ के वर्तमान आचार्य डॉ शिवमुनि का जन्मोत्सव 18 सितंबर को मनाया जाएगा।

महासंघ के मंत्री धर्मीचंद सिंघवी और सहसचिव कमल छल्लाणी ने संचालन किया।



# गणेश पांडाल में हुआ सामूहिक अमृतवाणी पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** रविवार रात्रि में साहुकारपेट के राजा गणपति मंडल में अमृतवाणी सत्संग मंडल द्वारा अमृतवाणी का सामूहिक पाठ और संकीर्तन किया गया। सबसे पहले स्तुति गणेश वंदना 'गौरी सुत नंदन थाने मानवां.' के साथ हुआ। उसके बाद गुरु वंदना 'आनंद ही आनंद बरस रहा बलिहारी ऐसे सद्गुरु की' तथा सरस्वती वंदना 'तुम्ही ही तो मां महारानी हो सरस्वती मेरी मां' इसके बाद भजनों का सिलसिला शुरू हुआ सभी भजन गायकों ने मधुर से मधुर भजन सुना कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी नेसामूहिक अमृतवाणी का पाठ किया।

यह जानकारी मंडल के सदस्य अरविंद कुमार दाधीच ने दी है। बनारस से आए ओमप्रकाश राठी का स्वागत मंडल के तरफ से हिमाचल की प्रसिद्ध टोपी और रामजी का शाल ओढ़ाकर किया गया। गणेश मंडल के अध्यक्ष दम्मानी ने सभी का स्वागत किया।

## शिक्षक दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के अन्नानगर स्थित जयगोपाल गरोडिया विवेकानन्द विद्यालय ट्रस्ट द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक केडिया, ट्रस्टी युग. मयप्पन, ट्रस्टी हितेश कनोडिया, ट्रस्ट के सलाहकार सेथुरमन, अकादमिक निदेशक जी. विजयकुमार और इंजीनियर मथिवन्नन ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में चारों विद्यालयों के प्राचार्य और अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे। प्रबंध ट्रस्टी अशोक केडिया ने सभी का स्वागत किया। ट्रस्टी मेयप्पन और सलाहकार सेथुरमन ने सभी चार विद्यालयों के शिक्षकों को इस पेशे की महानता के बारे में बताया। शिक्षकों ने एक घंटे का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसका समापन रात्रिभोज के साथ हुआ।



# बाबा रामदेव मंदिर में भादवा मेला में उमड़ा जन सैलाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। शहर के एडीयार स्ट्रीट स्थित बाबा रामदेव सेवा संघ रामदेव मंदिर भवन में अठारहवाँ भादवा मेला महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 12 सितंबर तक चलने वाले इस मेले के बारे में संघ के अध्यक्ष रणजीतसिंह राठौड़ ने बताया कि रोजाना महिलाओं व पुरुषों के लिए अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । सचिव पदमसिंह भायल ने कहा कि मंदिर में रोजाना भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। मंगलवार को राजस्थान के गायक प्रकाश माली, 11 को किशोर पालीवाल व 12 सितम्बर को उदयसिंह राजपुरोहित द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां जाएगी। कोषाध्यक्ष जोधसिंह राजपुरोहित ने बताया कि रोजाना मंदिर में बड़ी संख्या में प्रसाद वितरण किया जा रहा है । उपाध्यक्ष हरिसिंह राजपुरोहित ने बताया कि रविवार को विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न देवी देवताओं सहित बाबा रामदेवजी, भोलेनाथजी, राधा कृष्ण, अम्बे माँ, श्री राम, हनुमानजी आदि की झांकिया निकाली गई। इस मौके पर वार्षिक चढ़ावों की बोलियां बोली गई। मंच का संचालन मानसिंह ने किया। डालूसिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव में समाज के मेधावी बच्चों का भी सम्मान 11 सितम्बर को किया जाएगा। इस मौके पर अतिथि के रुप में आईपीएस बालकृष्णन, आईएएस शिवगुरु प्रकाशन व राजेन्द्र होंगे। यह जानकारी दुर्गाराम सीरवी ने दी।



# क्षमा से खुलते सुप्त चेतना के बंद कपाट : साध्वी डॉ गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां माधावरम् में आत्मशुद्धि के महान पर्व क्षमायाचना का महत्व उजागर करते हुए डॉ. साध्वी श्री गवेषणाश्री जी ने कहा कि सुप्त चेतना के बंद कपाटों को खोलने के लिए क्षमा की दस्तक जरूरी है। मन की धरती पर उगी वैमनस्य की कंटीली झारियों को उखाड़ने के लिए क्षमा की कुल्हाडी जरूरी है। सरलमना, शुद्धमना होकर इस पर्व में मन की गाँठो को सुलझाना है, मन की दूरियों को दूर करना है। दिल और दिमाग की खिड़कियों पर जमी परतों को दूर कर स्वच्छ बनना है। साध्वी श्री मयंकप्रभा जी ने कहा कि हमारे मस्तिष्क में क्रोध का बटन है, तो क्षमा का स्विच भी है। आज हमें क्षमा का स्वीच ऑन करना है और मन के अंधकार को दूर करना है। 5 करोड़ से क्षमा मांगे या न मांगे पर जिनके साथ हमारी अनबन है, उन 5 व्यक्तियों से क्षमा अवश्य मांगे। साध्वी श्री मेरुप्रभाजी ने सुमधुर गितिका प्रस्तुत की। साध्वी श्री दक्षप्रभा के मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ माधावरम् ट्रस्ट, चेन्नई के प्रबंधन्यासी घीसुलाल ने सभी से खमत खामणा करते हुए स्वागत भाषण दिया। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट मंत्री श्री पुखराज चोरडिया ने दिया।



# अग्रवाल समाज द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के डीजी वैष्णव कॉलेज के प्रांगण में अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महावीरप्रसाद लाट परिवार के सहयोग से बैडमिंटन टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष मुरारीलाल सोंथालिया ने स्वागत भाषण दिया तथा मुख्य प्रायोजक इंटरनेशनल ट्रेडिंग कॉरपोरेशन के मालिक नंदकिशोर अग्रवाल एवं नवलकिशोर अग्रवाल का विशेष स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य अच्छी सोच की जननी होती है। हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए हमारे जीवन में खेलों का विशेष महत्व है इसलिए हम सभी को खेलों में हिस्सा जरूर लेना चाहिए।

प्रतियोगिता के संयोजक मोहित अग्रवाल, विकास गोयल तथा तरुण मोदी ने सभी टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराया। अध्यक्ष मुरारीलाल सोंथालिया एवं नंदकिशोर अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों सपन गुप्ता, पवन गोयल, श्रद्धा गुप्ता, मल्लिका अग्रवाल तथा उपविजेता वर्ग में मोहिता गुप्ता, मयंक अग्रवाल, क्रियांक्षी अग्रवाल और संस्कृति अग्रवाल का सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष श्रवणकुमार तोड़ी, मनोहरलाल बगड़िया, राजेंद्रकुमार लाट एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। महासचिव हरीशकुमार लोहिया ने धन्यवाद दिया।

## द्वार उदघाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में पर्युषण पर्व पूर्ण होने पर रविवार को शुभ मुहुर्त में दादावाड़ी जैन मंदिर में सुमतिनाथ, केसरिया नाथ तथा दादा गुरु भगवान मंदिर के द्वार खोले गए। द्वार खोलने का लाभ लीलाबाई सुकनराज सुंदेशा मेहता परिवार ने लिया। महावीर मेहता ने संतों व संघ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

## सामूहिक वरघोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थानी जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित सुपार्श्वनाथ मंदिर में आचार्यश्री उदयप्रभसूरीश्वरजी म. सा. के शिष्यरत्न उपाध्याय श्री अर्पणप्रभविजयजी म. सा. के सान्निध्य में सीधी तप और अन्य तपस्वियों का सम्मानार्थ सामूहिक वरघोड़ा निकाला गया। जिसमें अनेक श्रद्धालु उपस्थित हुए। संघ द्वारा तपस्वियों का सम्मान किया गया।

# पूरे विधि विधान से सम्पन्न हुआ श्रावणी उपकर्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय राजस्थानी विप्र संघ के तत्वावधान में भादवा शुक्ला पंचमी ऋषि पंचमी पर भूतपुरी मां 43वां श्रावणी उपकर्म पूरे विधि विधान से मनाया गया। संघ के अध्यक्ष श्यामसुन्दर पंचारिया ने बताया कि श्री विद्या शक्ति सर्वश्म के संस्थापक डॉ विजय गुरुजी के सान्निध्य में अनेक जनेऊधारी बंधुओं ने श्रवणी उपकर्म ने भाग लिया। सर्वप्रथम यज्ञोपवीतधारी ने साल भर में जाने अनजाने में हुए पापों के लिए प्रायचित रूप में तालाब में सामूहिक रूप से वेद पारायण के साथ से पंचगव्य प्रासनकर, प्रायचित संकल्प, हेमाद्रि संकल्प, करके दसविधि स्नान किया। इसके बाद सप्तऋषियों का पूजन, सूर्योपस्थान, पितृऋण, देवऋण, और ऋषिऋण से मुक्त की मुक्ति के लिए ऋषि तर्पण, देव तर्पण, एवं पितृ तर्पण किया गया तथा नवीन यज्ञोपवीत पूजन व धारण के साथ सम्पन्न किए गए।



कार्यक्रम में राजस्थानी विप्र संघ के संरक्षक वेंकटेश दाहिमा, सम्पतलाल जोशी ने विजयगुरुजी को मानद उपाधि से सम्मानित होने पर सम्मानित किया गया। मंत्री निर्मल गौड़, कोषाध्यक्ष नारायण दाहिमा, नवरत्न व्यास, गोविंद तिवारी, अशोक गौड़, शिवेश हर्ष, शंकरलाल खंडेलवाल, भंवरलाल खंडेलवाल, सुरेंद्र व्यास, मुकुंद उपाध्याय, नंदकिशोर ककड़ा, रणछोड़ राजपुरोहित, कानसिंह राजपुरोहित समेत अनेक विप्रों ने भाग लिया।

## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई श्री कांठा प्रांतीय ओसवाल साजना समाज तमिलनाडु तथा श्री कांठा प्रांतीय समाज तांबरम की टेलीफोन निर्देशक का विमोचन वरिष्ठ समाज सेवी प्यारेलाल पितलिया के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री कांठा प्रांतीय ओसवाल साजना समाज तांबरम के पदाधिकारी प्रकाश भलगट, मनोहर लाल गांधी, खेमचंद बोहरा, विजयराज गांधी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक सम्मान



**चेन्नई।** यहां जेटीसी जैन मिशन के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. सुन्दर श्याम दुबे को शिक्षक दिवस के मौके पर इंदौर के गौरक्ष शक्तिधाम सेवार्थ फाउन्डेशन द्वारा उनकी शैक्षिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों, सुदीर्घ शिक्षा सेवा, शोध कार्य तथा नवाचार के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया है।

# सांवत्सरिक प्रतिक्रमण क्षमापना सम्पन्न

चेन्नई। श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के तत्वावधान में साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में पर्युषण पर्वराधना सम्पन्न हुई। श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने सांवत्सरिक प्रतिक्रमण पश्चात श्रावक संघ के समस्त सदस्यों व सर्व जीव राशि से क्षमायाचना करते हुए पर्वाधिराज पर्युषण पर्व पर प्रतिक्रमण कराने हेतु लीलमचंद बागमार, संदीप ओस्तवाल, राजेंद्र सांखला, शांतिलाल कर्णावट, मांगीलाल सेठिया, विक्रम बागमार व लोगस्स का प्रकट ध्यान कराने हेतु समकित कांकरिया को साधुवाद ज्ञापित किया व एकान्तर तपस्या करने वाले सभी तपस्वी रत्नों के संघ की ओर से सुखसाता पूछते हुए मंगल कामना की। पर्युषण पर्व में कांतिलाल तातेड़ वीरेन्द्र ओस्तवाल योगेश श्रीश्रीमाल, लीलमचंद बागमार ने अष्ठ दिवसीय पौषध व संवर की साधना की।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.